सीमांकन विवाद पहुंचा थाने, कार्रवाई की मांग

पानसेमल। तहसील के अंतर्गत आने ग्राम चिखल्दा निवासी किसान धनराज बोरसे ग्रामीणों के साथ अपनी शिकायत लेकर थाने एवं तहसील कार्यालय पहुंचे और सीमांकन से जुड़ी समस्या का निराकरण करने की मांग की है। किसान धनराज ने बताया कि ग्राम दिवडिया में एक ग्रुप द्वारा सोलर प्लांट लगाया जा रहा है, जिसमें उनकी कृषि भूमि करिब 0.300 हेक्टर पर भी कार्य शुरू किया गया। जिसके विरोध और तहसील कार्यालय में आवेदन देने के बाद भी कार्य जारी रहा। किसान धनराज द्वारा मौके पर जाकर कार्य रोकना चाहा, लेकिन उनके द्वारा कार्य नहीं रोका गया। किसान ने कहा कि इस प्रकार उनकी 0.300 हेक्टर भूमि पर कब्जा हो जाएगा। यह प्रकरण प्रकरण तहसीलदार के न्यायालय में भी प्रचलित है, उसे रोका जाना आवश्यक है। यदि उक्त कार्य नहीं रोका गया तो मौके पर विवाद भी हो सकता है। इसलिए ग्रामीणों के साथ आवेदन सौंपकर योग्य कार्रवाई की मांग की है। इस विषय को लेकर तहसीलदार पानसेमल सुनील सिसोदिया ने बताया कि आगामी तारीख में दोनों पक्षों की मौजूदगी में सीमांकन कराया जाएगा।

छात्र-छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

बड़वानी। इएमआरएस बुदि पाटी और बड़वानी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पाटी आरबीएसके, आराकेएसके एवं पिरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ। पहले ही दिन पाटी में 285 और दूसरे दिन बड़वानी में 250 छात्र-छात्राओं के रक्तचाप, वजन, ऊंचाई एवं ऑक्सीजन लेवल की जांच की गई। बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को सुदृढ़ करने के लिए पिरामल फाउंडेशन द्वारा इएमआएस को आवश्यक उपकरणों का एक संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किट डीएचओ डॉ राजेश गुप्ता के हाथों दिया गया। शिविर में मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ, एएनएम तथा आशा कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दी। शिविर में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नरेंद्र और हितेष द्वारा मधुमेह होने के कारणों, बचाव के उपायों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर विशेष जानकारी दी गई। इस दौरान में इएमआरएस के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं और गांधी फेलोज ने छात्रों को उत्साह के साथ स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित किया।

भारत रत्न बाबा साहेब को अर्पित किए श्रद्धासुमन

महापरिनिर्वाण दिवस पर हुआ कार्यक्रम, सर्वसमाज उत्थान के लिए दिए योगदान को किया गया याद

पानसेमल, नगर के बाबा साहेब आंबेडकर उद्यान में जय भीम दलित शक्ति संगठन द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समाज के वरिष्ठों द्वारा समाज को संगठित करने और समाज के सभी वर्गों के उत्थान को लेकर चर्चा की गई। जय भीम दलित शक्ति संगठन जिलाध्यक्ष व शा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुनील बागले ने कहा कि सर्व समाज के उन्नति में बाबा साहेब ने जो योगदान सदैव याद किया जाएगा। समाजजनों ने बाबा साहब प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बौद्ध प्रार्थना की। पंडित गवले ने कहा कि बाबा साहब के विचारधारा को जमीनी स्तर पर उतारने की आवश्यकता है। बाबा साहब ने सभी के सुख के लिए दुख उठाए हैं। उपस्थितों ने सामाजिक, आर्थिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष डॉ सुनील बागले, संगठन ब्लॉक अध्यक्ष ब्रिजलाल बैसाने, हीरालाल घोडसे, महेश चौहान, रमेश पवार, नानूराम गंवले, पंडित गवले, वामन बिरारे, बाबूलाल निकुम, विक्की सिरसाठ, दशरथ बैसाने, रमेश पवार, सुभाष कुंवर, यशवंत इंदवे, अशोक इन्दवे, मोहन गोडसे, चंद्रकांत दौड़ीस, विकास साड़वे, सुमित जाधव, अजय बागले, विजय बागलें, राजा बागले व अन्य उपस्थित थे।

निवाली में भी दी गई श्रद्धांजलि

निवाली। संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की 70वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर नगर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा कर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ हुकुम पवार ने बताया कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी द्वारा न्याय, समता और सामाजिक उत्थान के जिन अमूल्य सिद्धांतों पर आधुनिक भारत की नींव रखी गई। उनके केंद्र में बाबा साहब का अद्वितीय योगदान सदैव अमर रहेगा। उन्होंने वंचितों, शोषितों और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को अधिकार, सम्मान और अवसर दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। बाबा साहब के सपनों का समतामूलक, सशक्त और समावेशी समाज बनाने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है। बाबा साहब के मार्गदर्शन और आदर्शों ने हमारे जीवन के हर पड़ाव पर सही दिशा दिखाई। उनका मुस्कुराता चेहरा हमारे दिलों में जिंदा है। उनकी अनुपस्थिति हमारे लिए अपूर्णीय क्षति है, लेकिन उनकी स्मृतियां हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी।

बाबा साहब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार और एक महान समाज सुधारक है। जिन्होंने अपना जीवन समानता और न्याय के लिए समर्पित कर दिया था। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष डॉ हुकुम पवार, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम पंडित, केतराम ब्राह्मने, डीआर शितोले, कन्हैया अलूने, संतोष राठौड़, पार्षद दिलीप पटेल, सोहन व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- समाजजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुनम।

भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा- गंभीरता से हो रहा एसआईआर का कार्य

नवभारत न्यूज़
सेंधवा, 07 दिसम्बर

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और निमाड़ संभाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा जिले के दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने सेंधवा शहर के वार्ड क्रमांक 1 के बूथ क्रमांक 29 पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर समीक्षा बैठक ली। इसके बाद किला परिसर स्थित नपा अध्यक्ष जनसंपर्क कार्यालय में सेंधवा विधानसभा की समीक्षा बैठक भी संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा एसआईआर को लेकर बेहद गंभीर है और बूथ स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि बड़वानी जिले में एसआईआर का कार्य पूर्ण हो चुका है, हालांकि प्रक्रिया के लिए पांच दिन अभी शेष हैं।

पात्र नाम न छूटे, गलत नाम न जुड़ें

समीक्षा के दौरान निमाड़ संभाग संगठन प्रभारी शर्मा ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि सूची में कोई भी पात्र नाम छूटना नहीं चाहिए और न ही कोई गलत नाम शामिल हो। कांग्रेस द्वारा एसआईआर पर उठाए गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जमीन पर कार्य नहीं करती और हवा में रहने की आदत बना चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार चुनाव के दौरान राहुल गांधी पंचमढ़ी में थे, जबकि वास्तविक कार्य बूथ पर होता है। इसे सभी राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी बताया।

कांग्रेस के आरोपों और ऐतिहासिक उदाहरणों पर प्रतिक्रिया

वोट चोरी के आरोपों पर बोलते हुए निमाड़ संभाग संगठन प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस के ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस की प्रांतीय परिषद ने 15 प्रस्ताव भेजे थे, जिनमें 13 सरदार वल्लभ भाई पटेल के, एक सीतारमैया का और एक जवाहरलाल नेहरू का था, फिर भी नेहरू प्रधानमंत्री बने। साथ ही उन्होंने 1952 के लोकसभा चुनाव का भी जिक्र किया, जिसमें बाबा साहब अंबेडकर चुनाव हार गए थे और 78 हजार मत निरस्त हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बूथ पर मेहनत नहीं करती और बाद में परिणामों पर आपत्ति दर्ज कराती है।

विधानसभा सत्र और राजनीतिक जिम्मेदारियों पर टिप्पणी

विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस द्वारा हंगामा करने पर निमाड़ संभाग संगठन प्रभारी ने कहा कि सदन में चर्चा होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। विपक्ष का कार्य सवाल उठाना है और सरकार का दायित्व जनता की समस्याओं का निराकरण करना है। उन्होंने मध्य प्रदेश में इस परंपरा का स्वागत किया।

बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव, नगर पालिका अध्यक्ष बसंती बाई यादव, विकास आर्य, एस वीरा स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर में

दो तस्कर 27 ग्राम ब्राउन शुगर सहित गिरफ्तार

इंदौर. राऊ पुलिस ने देर रात सिलिकॉन सिटी मेन गेट तिराहे के पास मादक पदार्थों की सौदेबाजी की सूचना पर दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. तलाशी में उनके पास से ब्राउन शुगर के पैकेट और एक बाइक बरामद हुई. एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने 30 वर्षीय रवि ठाकुर निवासी पिगडम्बर, थाना किशनगंज और 58 वर्षीय घनश्याम पाटीदार निवासी ग्राम अम्बाचदन, थाना किशनगंज को हिरासत में लिया. ने बताया कि 4 दिसंबर की रात करीब 1 .20 बजे दोनों संदिग्ध स्थिति में खड़े दिखे. घेराबंदी कर जांच करने पर रवि ठाकुर के पास से 13 ग्राम और घनश्याम पाटीदार से 14 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसकी मात्रा 27 ग्राम पाई गई. पुलिस ने मौके से एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल एमपी 09 एनक्यू 2538 और अन्य सामग्री भी जप्त की है. दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की जांच में जुटी.

महू का नाम रोशन करने वाली डॉ. आकांक्षा का सम्मान

महू. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही दीप इंटरनेशनल विद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. आकांक्षा रितेश को इंद्रपुरी कॉलोनी किशनगंज महू में सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में उन्हें मोतियों की माला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया. इस अवसर आकांक्षा ने कहा कि महू और इंदौर ने हमेशा मुझे प्रेरित किया है. भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य और जिम्मेदारी दोनों हैं. मैं प्रयास करूंगी कि विश्व मंच पर हमारे देश और महू का नाम और ऊंचा हो. आप सभी का प्रेम और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी शक्ति है. कार्यक्रम में रामचरण महाराज शैक्षणिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट महू की अध्यक्ष पूर्व पार्षद श्रीमती विमल विजयवर्गीय, मप्र वैश्य महासम्मेलन युवती प्रकोष्ठ महू की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति विजयवर्गीय, श्रीमती अनीता मोदी, श्रीमती वर्षा मोदी, साजिद खान, अमित वर्मा, सीए अंकित विजयवर्गीय, शुभम मोदी, विजय कुमार विजयवर्गीय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

महू में कवि गोष्ठी एवं चिन्तन संगोष्ठी 9 को

महू. अभा साहित्य परिषद और अर्चना हिन्दी साहित्यिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 9 दिसंबर को सायं 7 बजे स्थानीय आर्य समाज महू के सभा भवन में काव्य गोष्ठी एवं चिन्तन संगोष्ठी का आयोजन अर्चना साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष आर्य रामलाल प्रजापति के जन्मदिन के अवसर पर किया जा रहा है. उक्त जानकारी डॉ. उषाकिरण त्रिपाठी और कवि धीरेन्द्र जोशी ने दी. उन्होंने बताया कि इसमें महू व आस-पास के सभी कविगण, शुभचिन्तक एवं श्रोतागण सादर आमंत्रित हैं.

साध्वी कृष्णानंद की भागवत कथा की तैयारियां जोरों पर

महू. शहर में पहली बार साध्वी कृष्णानंद जी द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जाएगा. हरिओम वाटिका, महू में 13 से 19 दिसंबर तक आयोजित सात दिवसीय कथा की तैयारियां जोरों पर हैं. प्रतिदिन दोपहर 3 .30 से शाम 7 बजे तक चलने वाली इस कथा को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है. साध्वी कृष्णानंद जी वृंदावन धाम एवं हरिद्वार के महामंडलेश्वर आचार्य भास्करानंद महाराज की शिष्या हैं. आयोजन को लेकर हरिओम गार्डन में विभिन्न समाजों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. बैठक में व्यवस्थाओं, आगंतुकों के स्वागत, पार्किंग, सुरक्षा और सुव्यवस्थित संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई. महिला सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए गोपाल मंदिर में महिला संगठनों की विशेष बैठक भी हुई. आयोजन के प्रमुख परामर्शदाता प्रेमचंद मन्नालाल गोयल, मुख्य सहयोगी नितिन अग्रवाल, विजय गोयल एवं शैलेंद्र सिंघल हैं. जबकि प्रमुख संयोजक अरविंद बागड़ी एवं राजेश बंसल हैं. संयोजक टीम में हरिश्चंद्र सिंघल, जितिन गोयल, किशोर गोयल, श्याम अग्रवाल सहित विभिन्न समाजों के प्रतिष्ठित नागरिक शामिल हैं.

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती और बच्ची को मारी टक्कर

इंदौर. प्रधान आरक्षक सोहन सिंह ने बताया कि घटना देर शाम रिंजलाय फाटा, गांधीनगर में हुई, कार नम्बर एमपी 09 जेडके 3412 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में 29 वर्षीय वर्षा पटेल, उनके पति 32 वर्षीय विजय उर्फ बलराम पटेल और 6 वर्षीय उनकी बेटी नविस उर्फ लविना सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए. पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज आरोपी की तलाश शुरु की.

चंदन नगर टीआई के खिलाफ एफआईआर, गिरफ्तारी के आदेश

- थाने में युवक को हथकड़ी लगाकर 30 घंटे तक बैठाने के मामले में हाईकोर्ट का सख्त रुख
- पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी पिता के न मिलने पर बेटे को बैठाए रखा था थाने में

नव भारत न्यूज

इंदौर. पॉक्सो मामले में आरोपी पिता के न मिलने पर उसके बेटे को थाने में 30 घंटे तक हथकड़ी पहनाकर बैठाए रखने पर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने कड़ा रुख अपनाया है. अदालत ने चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने, विभागीय जांच शुरू करने और 14 दिन के भीतर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने पुलिस की इस कार्रवाई को कानून और मानवाधिकारों के विपरीत मानते हुए तीखी नाराजगी जताई है.

दरअसल, यह मामला तब सामने आया, जब पुलिस पॉक्सो केस में नामजद एक बुजुर्ग आरोपी की तलाश में उसके बेटे राजा को एक सैलून से उठाकर थाने ले आई. युवक को बिना किसी औपचारिक कारण हथकड़ी लगाकर थाने में 30 घंटे तक बैठाए रखा. इस पर पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. सुनवाई के दौरान थाना प्रभारी पटेल ने अदालत को बताया कि युवक के फरार होने की आशंका थी, इसलिए उसे हथकड़ी लगाई गई. इस पर डबल बेंच ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पूछा यदि हथकड़ी से भी भागने का डर था तो फिर पैरों में बेड़ियां क्यों नहीं डाल दीं, कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए यह भी कहा कि थाना प्रभारी का रवैया कानून की सीमाओं से परे है और यह अमर्यादित पुलिस कार्रवाई का उदाहरण है. अदालत ने पुलिस आयुक्त को भी निर्देश दिए हैं कि पूरी जांच रिपोर्ट निर्धारित समय में हाईकोर्ट में पेश की जाए. आदेशों के बाद पुलिस पर संबंधित कार्रवाई शीघ्र शुरू करने का दबाव बढ़ गया है.

इंदौर में कमिश्नरी के बाद भी अपराधी बेखौफ : बाला बच्चन

- महिला अपराधों में भारी वृद्धि
- चोरी और लूट की वारदातें भी नहीं थम रहीं

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में पुलिस कमिश्नरी लागू हुए चार साल से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अपराध पर नियंत्रण के दावे आंकड़ों में कमजोर पड़ते दिख रहे हैं. विधानसभा में पूछे गए सवाल के लिखित जवाब के आधार पर सामने आया है कि कमिश्नरी व्यवस्था के बाद भी इंदौर में अपराधों में अपेक्षित कमी नहीं आ सकी. उलट, कई श्रेणियों में वृद्धि दर्ज हुई है.

पूर्व गृहमंत्री और विधायक बाला बच्चन ने बताया कि उनके द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने माना कि महिला अपराधों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. कमिश्नरी लागू होने से पहले इंदौर में महिला संबंधी अपराधों की संख्या 2,952 थी, जो अब बढ़कर 7,569 पर पहुंच गई है, यानी लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई. इसी अवधि में शहर में 474 आरोपी अब भी फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी पुलिस अब तक नहीं कर सकी है.

> उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से 31 अक्टूबर तक शहर में 69 हत्या, 105 प्राणघातक हमले और 350 से ज्यादा चैन स्नैचिंग की वारदातें दर्ज की जा चुकी हैं. चोरी की घटनाओं ने तो कमिश्नरी की प्रभावशीलता पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं. बाइक चोरी के मामलों की संख्या 3,000 से ज्यादा पहुंच गई है, जबकि पुलिस अब तक करीब 500 वाहन ही बरामद कर पाई है. मकानों में चोरी और नकबजनी को रोकने में भी पुलिस की मोर्चेबंदी कमजोर साबित हो रही है. कमिश्नरी व्यवस्था लागू होने का उद्देश्य अपराध पर तुरंत और प्रभावी नियंत्रण था, परंतु ताजा आंकड़े बताते हैं कि इंदौर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की चुनौती पहले की तरह ही भारी बनी हुई है.

निलंबित जज वीरेंद्र सिंह रावत को जिला कोर्ट से मिली जमानत

- आईएएस संतोष वर्मा को लेकर फर्जी जजमेंट का मामला
- ब्राह्मण समाज की बेटियों पर टिप्पणी को लेकर विवादों में हैं संतोष वर्मा

नव भारत न्यूज

इंदौर. कूटरचना और धोखाधड़ी प्रकरण में निलंबित जज विजेंद्र सिंह रावत को जिला कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है. मामला साल 2021 का है। तब जिला न्यायालय इंदौर के तत्कालीन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विजेंद्र सिंह रावत ने आईएएस संतोष वर्मा को फर्जी मार्कशीट मामले में जमानत दी थी. अदालत ने कहा कि केस से जुड़े डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य पुलिस पहले ही जब्त कर चुकी है, इसलिए गिरफ्तारी से कोई नया तथ्य मिलने की संभावना नहीं है.प्रकरण वर्ष 2021 में एमजी रोड थाना में दर्ज हुआ था, आरोप है कि रावत ने वर्ष 2016 के एक आपराधिक मुकदमे में आरोपी संतोष वर्मा को लाभ पहुंचाने के लिए कूटरचित न्यायिक निर्णय तैयार किया और उसकी प्रति आरोपी को उपलब्ध कराई. पुलिस के अनुसार यह निर्णय अदालत रिकॉर्ड में मौजूद नहीं था, लेकिन आरोपी के पास पहुंच गया था. जांच में डीपीओ अकरम शेख के मोबाइल से व्हाट्सऐप चैट, कॉल विवरण व वॉयस सैंपल प्राप्त हुए, जिनकी एफएसएल रिपोर्ट ने रावत की आवाज से मेल की पुष्टि की. पुलिस ने दलील दी कि रावत का मोबाइल अब तक नहीं मिला है और अग्रिम जमानत मिलने पर उसके नष्ट किए जाने की आशंका है. इस पर रावत की ओर से कहा गया कि वे निर्दोष हैं और जिन लोगों के खिलाफ उन्होंने शिकायत की थी, उन्हीं के प्रभाव में प्रकरण उनकी ओर मोड़ा गया. उन्होंने भागने, साक्ष्य से छेड़छाड़ या किसी गवाह को प्रभावित करने की आशंका से इनकार किया.

> **जांच में असहयोग की स्थिति में रद्द की जा सकती है जमानत**
>
> अदालत ने केस डायरी व डिजिटल साक्ष्यों की जांच के बाद माना कि न्यायालय का कंप्यूटर, कूटरचित निर्णय की डिजिटल प्रति, चैट डाटा और टावर लोकेशन पुलिस पहले ही जब्त कर पेश कर चुकी है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65 के तहत डिजिटल द्वितीयक साक्ष्य स्वीकार्य हैं. सुशीला अग्रवाल बनाम दिल्ली सरकार फैसले का उल्लेख करते हुए अदालत ने कहा कि जांच में असहयोग की स्थिति में जमानत रद्द की जा सकती है. आदेश के अनुसार, गिरफ्तारी की स्थिति में रावत 50 हजार रुपए की प्रतिभूति व समान राशि के बंधपत्र पर रिहा होंगे.

दो भाइयों के घरों में लगी आग गृहस्थी का सामान जला

- अनाज, खाद और दो कारें जलकर हुई राख

नव भारत न्यूज

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र के नंदलाय गांव में शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे के लगभग लगी आग ने दो सगे भाइयों का पूरा घर तबाह कर दिया. पासपास बने दोनों मकानों में अचानक भडकी लपटों ने देखते ही देखते लाखों का सामान, अनाज, खाद और दोनों भाइयों की कारों को राख कर दिया. फायर ब्रिगेड को आग बुझाने में करीब दो घंटे तक कड़ी मशक्कत करना पड़ी.

फायर ब्रिग्रेड कर्मचारी बालकराम ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे की है. अचानक धुआं उठता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे. सबसे पहले राजेश पिता मदन सिंह के घर में आग लगी थी, जिसकी तेज लपटों ने कुछ ही मिनटों में बगल में स्थित उनके भाई संतोष के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया. आग इतनी विकराल थी कि बचाव दल को कई बार पानी की धार बदलनी पड़ी. अग्निकांड में दोनों घरों में रखा घरेलू सामान, मोटर, मशीनें (कृषि उपकरण), करीब 25 क्विंटल गेहूं और 10 क्विंटल खाद पूरी तरह जलकर राख हो गए. दोनों भाइयों के घरों के आंगन में खड़ी दो कारें भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गईं.

एक नजर में जनसुविधा के लिए किए जाने वाले कार्य लोगों के लिए बन जाते हैं परेशानी का सबब

निर्माण में देरी, खराब गुणवत्ता और इंजीनियरिंग में खामी से लोग परेशान

इंदौर. जन सुविधाओं के लिए बन रहे कई पुलों के निर्माण में देरी, खराब गुणवत्ता और इंजीनियरिंग खामियों के कारण नागरिकों को में कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. नए पुलों के निर्माण के दौरान पुराने पुलों को तोडने या यातायात मोडने (डाइवर्जन) के कारण लोगों को लंबे समय तक यातायात जाम और असुविधा का सामना करना पड़ता है. जो परियोजनाएं जनसुविधा के लिए शुरू की जा रही हैं, वे लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन जाती हैं.

ऐसा ही एक और मामला आईटी पार्क चौराहा पर सामने आया है. यहां किए जा रहे ब्रिज निर्माण के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या से वाहन चालक व आम नागरिक परेशान हो रहे हैं. इस चौराहे से कई बड़े क्षेत्र जुड़े हैं, जिसमें मूसाखेड़ी, पालदा, भंवर कुआं, सिंधी कॉलोनी, राजीव गांधी चौराहा और आसपास की कई विकसित कालोनियां जुड़ी हुई हैं. लिंबोदी और शिवधाम जैसी कालोनियां भी इससे लगी हुई हैं. इतना ही नहीं चौराहे पर ही प्रदेश का सबसे बड़ा आईटी पार्क कार्यालय स्थित है. इस चौराहे से खंडवा-बुरहानपुर हाइवे भी जुड़ा हुआ है. ऐसे में इस चौराहे पर सुबह से लेकर रात तक बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है. इन्हीं के बीच भारी वाहन भी गुजरते हैं, क्योंकि यह चौराहा रिंग रोड कनेक्टिविटी का एक बड़ा हिस्सा है. पिछले कुछ समय से इस चौराहे पर ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य इतना गतिहीन है कि लोगों की मुसीबतें और बढ़ गई हैं. ऊबड़-खाबड़ सडक़, दिशा परिवर्तन (डायवर्जन) मार्ग और यातायात विभाग की अव्यवस्थाओं के चलते इस चौराहे को आसानी से पार नहीं किया जा सकता.

इनका कहना है...

इतना समय निकलने के बाद भी अभी तक इस पुल के सिर्फ पिलर ही खड़े किए गए हैं, इस तरह से कार्य गतिहीन रहेगा तो आने वाले कई महीनों तक ब्रिज कार्य पूरा नहीं हो पाएगा और लोग इसी तरह जाम की समस्या से जूझते रहेंगे.

- बब्बू सिंधु

घड़ी की सुई से भी ज्यादा गतिहीन कार्य चल रहा है. पूरे दिन चौराहे पर जाम लगता रहता है, लोग परेशान होते रहते हैं. इतना ही नहीं, एंबुलेंस भी कई बार लंबी कतार में फंस जाती हैं.

- संजय अरोड़ा

हाल ही में हुई ट्रक दुर्घटनाओं को देखते हुए हमारे संगठन द्वारा भारी वाहन चालकों को यातायात और जनता का ध्यान दिलाते हुए जागरूक किया जाता है, ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो.

- मनदीप सिंह, चेयरमैन, मप्र ट्रांसपोर्ट महासंघ